## दिनाक 25.02.2017 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही।

150

**उपस्थिति**– पंजी के अनुसार।

दिनांक 25.02.2017 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम ट्रस्ट में अबतक प्राप्त राशि एवं किये गये व्यय की समीक्षा की गयी।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि उद्योग, खान एवं भूतत्व विभाग की अधिसूचना सं0 357 दिनांक 03.02.2017 के कंडिका 3.(iv) के आलोक में एक करोड़ की अधिसीमा तक की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति उपायुक्त द्वारा दिया जायेगा। एक करोड़ से अधिक एवं पॉच करोड़ की अधिसीमा तक की प्रशासनिक स्वीकृति अब DMFT के प्रबंधकीय समिति द्वारा दिया जाना है। पॉच करोड़ से अधिक राशि की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित तकनीकि विभाग द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के अनुरूप ही मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के अधिसूचना संख्या 301 दिनांक 11.03.2015 के प्रावाधानों के अनुसार दिया जायेगा।

उक्त के अनुसार प्रबंधकीय समिति के समक्ष पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0– 1 के पत्रांक 259 दिनांक 24.02.2017 द्वारा प्राप्त कुल चार योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0– 2 के पत्रांक 1317 दिनांक 27.12.2016 के द्वारा कुल 12 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल यांत्रिक प्रमण्डल के पत्रांक 1234 दिनांक 29.11.2016 के द्वारा कुल 2 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित योजनाओं पर विचार किया गया जो निम्नवत हैं –

### (1) प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रस्ताव–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | न्यास परिषद से पारित की तिथि | कार्य ऐजेंसी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Multi Village Rural Water Supply Scheme for South Zone of Govindpur and Nirsa Block. | 2,33,17,30,000.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1 |
| 2 | Multi Village Rural Water Supply Scheme for North zone of Govindpur and Nirsa Block | 4,83,97,45,000.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1 |
| 3 | महुदा बस्ती एवं आसन्न ग्राम की जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य | 11,55,09,000.00 | 07.08.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 4 | Construction of Weir in Khudia River for Jangalpur rual water supply scheme | 3,71,77,800.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1 |
| 5 | Improvement of Barbendia Rural Water Supply Scheme for Upchuria village | 57,01,438.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1 |
| 6 | Supplying & Fitting of different size of N.R.V & Butterfly Valves at intake well Maithan & WTP, Bhelatand of Dhanbad Water Supply Scheme (Phase-I) | 52,02,500.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्व0 प्र0 (यांत्रिक) |
| 7 | Supply of spare parts for repairing of 2000 K.W.V.T. Pump set No-4 (Make-Mather and Platt, Model-CNE33LH) under supervision of Manufacture Services Engineer, Testing and commissioning on load at raw water intake well at Gogna, Maithan of Dhanbad Urban water supply scheme (Phase-I) | 61,48,800.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्व0 प्र0 (यांत्रिक) |
| 8 | धर्माबांध स्थित खनन पीट से दो अदद मोटर पम्प, पैनल बोर्ड इत्यादि लगाकर जलापूर्ति योजना का सुदृढीकरण कार्य | 14,48,000.00 | 07.08.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 9 | सदरियाडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत जमुनिया नदी में निर्मित इंटेक वेल मरम्मति एवं दो अदद मोटर पम्प पैनल बोर्ड बलदकर जलापूर्ति योजना का सुदृढीकरण। | 20,73,994.00 | 07.08.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 10 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, रघुनाथपुर–चौधरी टोला | 15,41,691.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 11 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, डुमरा उत्तर–डुमरा–दिवान टोला | 15,11,557.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 12 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च | 15,23,611.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं |

Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, धावाचीता–बोलाईटांड–आदिवासी टोला | | | स्वच्छता प्र0–2 |
| 13 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, लुतीपहाड़ी–बाघमारा–महतो टोला | 15,02,297.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 14 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, निचितपुर –1, श्यामडीह– दास टोला | 15,17,584.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 15 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, दलुडीह–पदुमचंद–राय टोला | 14,90,463.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 16 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, दरिदा –पोचरी–गुहियाटोला | 15,32,651.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 17 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, गोविन्दाडीह–डोमनपुर–महतो टोला | 15,38,677.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| 18 | 500 लीटर/घंटा से अधिक जल प्रवाह वाले उच्च प्रवाही नलकूप (पूर्व से निर्मित) पर सौर उर्जा चालित डी0सी0 मोटर पम्प द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, महेशपुर1–महतोटांड–कुम्हार टोला | 15,14,570.00 | 25.09.2016 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–2 |
| | कुलः | 7,35,84,09,633.00 | | |

(क) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1 एवं 2 द्वारा प्रस्तावित क्रमांक 1 से 3 पर अंकित योजना जिसकी प्राक्कलित राशि 5.00 करोड़ से अधिक है के संबंध में विचार किया गया। सर्वसम्मिति से प्रसंगाधीन अधिसूचना के कंडिका 3 **(iv)** के आलोक मे संबंधित तकनीकि विभाग पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निर्णय लिया गया।

(ख) प्रबंधकीय समिति द्वारा विमर्शोपरान्त उद्योग खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड रॉची के अधिसूचना सं0 – 357 दिनांक 03.02.2017 के प्रावधानों के आलोक में क्रमांक 4 से 18 तक की योजनायें जिसकी प्राक्कलित राशि 5.00 करोड़ से कम है, पर सर्वसम्मिति से प्रशासनिक स्वीकृति का निर्णय लिया गया।

**(2) DMFT के तहत धनबाद नगर निगम से प्राप्त प्रस्ताव–**

नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम के पत्रांक 156 दिनांक 23.02.2017 द्वारा दिनांक 08.02.2017 को संपन्न धनबाद नगर निगम के साधारण बोर्ड की बैठक में डी0एम0एफ0टी0 के तहत क्रियान्वित की जानेवाली योजनाओं की सूची समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया।

(क) प्रबंधकीय समिति द्वारा झारखण्ड जिला खनिज फाउन्डेशन (ट्रस्ट) नियमावली (संशोधित), 2016 के नियम 8 (4) के आलोक में विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नांकित अनुमान्य योजनाओं को आगामी न्यास परिषद की बैठक में विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया जो निम्नवत है–

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमानित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम क्षेत्र में 20 STP लगाने का अनुमोदन पर विचार (अनुमानित लागत 20.00 करोड़ एवं सालाना रख–रखाव 1.00 करोड़ रूपये) | 20.00 |
| | **ठोस कचरा प्रबंधन के तहत निम्नलिखित उपकरणों का क्रय तथा अन्य क्रय** | |
| 2 | 5 Road Sweeping machine (अनुमानित लागत (30x5)=1.5 करोड़ रूपये) | 1.50 |
| 3 | 6 Mini rubber trach excavator वाली सफाई मशीन (अनुमानित लागत (25x6)=1.5 करोड़ रूपये) | 1.50 |
| 4 | 220 Mini Tipper कचड़ा उठाव के लिए (अनुमानित लागत (25x6)=1.5 करोड़ रूपये) | 1.50 |
| 5 | 1100 Dustbin बड़ा वाला (अनुमानित लागत 4.4 करोड़ रूपये) | 4.40 |
| 6 | 2 डम्फर एवं 1 हाइवा (अनुमानित लागत 1.2 करोड़ रूपये) | 1.20 |
| 7 | एक Super Succer Machine (अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रूपये) | 1.50 |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 5 सक्शन मशीन (अनुमानित लागत (3x5)=1.5 करोड़ रूपये) | 1.50 |
| 9 | 2 Car Toeing Vehicle एवं एक बड़ी Toeing गाड़ी (अनुमानित लागत 0.75 करोड़ रूपये) | 0.75 |
| 10 | 6 Refuse Compactor (अनुमानित लागत (35x6)=1.9 करोड़ रूपये) | 1.90 |
| 11 | Golf Ground में Sports Facility का विकास (अनुमानित लागत 10 करोड़ एवं सालाना रख रखाव 1.5 करोड़) | 10.00 |
| 12 | हरेक वार्ड में ग्रीन जोन के लिए दो–दो पार्क का निर्माण करने पर विचार (अनुमानित लागत (1.5x55x2)=165 करोड़ एवं सालाना रख रखाव 1.5 करोड़) | 165.00 |
| 13 | 100 community Toilets (अनुमानित लागत 10 करोड़) | 10.00 |
| 14 | 100 e-toilets (अनुमानित लागत 6.5 करोड़) | 6.50 |
| 15 | सड़क किनारे ग्रीन पेच का डेवलपमेंट हरेक वार्ड के मुख्य सड़कों में करने पर विचार (अनुमानित लागत (55x1)=55 करोड़ रूपये) | 55.00 |
| | कुलः | 282.25 |

(ख) नगर निगम, धनबाद द्वारा प्रस्तावित निम्नांकित तीन योजना DMFT मार्गदर्शिका के अनुरूप नहीं होने के कारण सर्वसम्मति से अस्वीकृत किया गया –

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमानित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | वृद्धा आश्रम एवं दिव्यांग लोगों के लिए आश्रय गृह की स्थापना करने पर विचार (अनुमानित लागत (5x4)=20 करोड़ एवं सालाना रख–रखाव 1.5 करोड रूपये) | 20.00 |
| 2 | 5 हेल्थ सेंटर की स्थापना Slum Area में करने पर विचार (अनुमानित लागत (50x5)=2.5 करोड़ एवं सालाना रख–रखाव 1 करोड रूपये) | 2.50 |
| 3 | Capacity Building पर टोटल DMFT Fund का 5 प्रतिशत का अनुमोदन (अनुमानित लागत 15 करोड़) | 15.00 |
| | कुलः | 37.50 |

(ग) नगर निगम, धनबाद द्वारा प्रस्तावित निम्नांकित योजना Door to Door user चार्ज का भुगतान जिसका अनुमानित लागत 8.4 करोड़ रू0 है, के संबंध में विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया –

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमानित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 3 | Door to Door user चार्ज का भुगतान (अनुमानित लागत (70x12)=8.4 करोड़ रूपये) | 8.4 |

**(5) तोपचांची प्रखंड के 6 पंचायतों को डी0एम0एफ0टी0 में शामिल करने हेतु प्रस्ताव–**

माननीय सांसद श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा तोपचांची प्रखंड के खनन से प्रभावित पंचायतों यथा– (1) रामाकुण्डा (2) जीतपुर (3) हरिहरपुर (4) गेन्दनवाडीह (5) सिंहदाहा एवं (6) ब्राम्हणडीहा को डी0एफ0एफ0टी0 में शामिल करने का अनुशंसा प्राप्त हुआ है। विचारोपरांत सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को न्यास परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

06/3/2017 — जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।

07/03/2017 — उप विकास आयुक्त–सह– सदस्य सचिव,डी0एम0एफ0टी0, धनबाद।

7/3/17 — उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0,धनबाद।

ज्ञापांक– 23 दिनांक– 07/03/2017

प्रतिलिपि– धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/3/2017 — जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।

07/03/2017 — उप विकास आयुक्त–सह– सदस्य सचिव,डी0एम0एफ0टी0, धनबाद।

7/3/17 — उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0,धनबाद।

Scanned by CamScanner